Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding water logging due to construction works of Railway in Kheda, Gujarat.

श्री देवुसिंह चौहान (खेड़ा): माननीय अध्यक्ष महोदय, हाल ही में मेरा दौरा खेड़ा लोक सभा क्षेत्र और वड़ौदा जिला के करजन विधान सभा क्षेत्र का हुआ था । मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । मैंने अपने दौरे के दौरान देखा कि करजन क्षेत्र का हड़ौत गांव है, वहां भारत सरकार के तीन प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर, एक्सप्रेसवे और हाल ही में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट है । लैंड एक्विजेशन काम हो गया है लेकिन जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं उसके लिए हाई लेवल इन्फ्रास्ट्रक्चर बन रहा है, इसके कारण वहां वॉटरलागिंग की बड़ी समस्या हो रही है, इसके कारण किसानों का भारी नुकसान होता है। यह समस्या मेरे क्षेत्र की भी है। जल जमाव की समस्या होती है तो किसानों के मुआवजे का इश्यू होता है ।

हाल ही में राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री आदरणीय विजय भाई रूपाणी जी ने एक अच्छा डिसीजन लेकर सभी किसानों का जल्द से जल्द सर्वे कराया है, उनको जल्दी मुआवजा मिले, इसकी चिंता भी की है। एजेंसी लोकल लोगों से बात नहीं करती है । मेरा सुझाव है कि एक कॉडिआनेशन कमेटी बनायी जाए, जहां-जहां ऐसे प्रोजेक्ट बन रहे हैं, वहां वॉटरवे होना चाहिए, उस वॉटरवे के लिए संवाद बने ताकि ऐसी समस्या कम से कम हो। धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल को श्री देवुसिंह चौहान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।